# उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग
# हरिद्वार – 249404

संख्याः 190/01/डी0आर0(डिग्री)/सेवा–2/2021–22 दिनांकः 21 जून, 2024

## अनर्ह सूची

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि असिस्टेंट प्रोफेसर (राजकीय महाविद्यालय) चयन–2021 के अंतर्गत असिस्टेंट प्रोफेसर, रसायन विज्ञान (CHEMISTRY) विषय हेतु उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग परीक्षा परिणाम निर्माण प्रक्रिया नियमावली 2012 (यथा संशोधित) में उल्लिखित प्राविधान के क्रम में A.P.I. स्कोर के आधार पर श्रेणीवार/उपश्रेणीवार संशोधित शार्टलिस्टिंग परिणाम दिनांक 22 मई, 2024 में सफल अभ्यर्थियों से दिनांक 06 जून, 2024 तक ऑनलाइन आवेदन में किये गए दावों के समर्थन में उपलब्ध कराये गए प्रमाण पत्रों/अभिलेखों की सन्निरीक्षा के उपरान्त मा0 आयोग द्वारा असिस्टेंट प्रोफेसर, रसायन विज्ञान (CHEMISTRY) विषय के निम्नलिखित अभ्यर्थियों को तालिका के कॉलम–3 के अनुसार अनर्ह किया गया हैः–

| क्र0सं0 | अनुक्रमांक | अभ्युक्ति |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1. | 516335 | 1. अभ्यर्थी द्वारा रिसर्च पब्लिकेशन, टीचिंग अनुभव व अवार्ड का दावा किया गया है। विषय विशेषज्ञों द्वारा रिसर्च पब्लिकेशन व टीचिंग अनुभव को सही माना गया है परन्तु अवार्ड में 3 (तीन) अंक के स्थान पर 00 (शून्य) अंक अनुमन्य किये गए हैं जिस कारण अभ्यर्थी का कुल ए0पी0आई0 स्कोर 95.5 के स्थान पर 92.5 अंक होना है, रसायन विज्ञान विषय में अनारक्षित श्रेणी का संशोधित कट–ऑफ स्कोर 95.5 है। अभ्यर्थी संशोधित कट–ऑफ में स्थान धारित नहीं करता है।<br>2. **रसायन विज्ञान विषय में अनारक्षित श्रेणी के संशोधित कट–ऑफ स्कोर में स्थान धारित न करने के कारण अभ्यर्थी को साक्षात्कार हेतु अनर्ह घोषित किया गया है।** |
| 2. | 516805 | 1. अभ्यर्थी द्वारा रिसर्च पब्लिकेशन एवं टीचिंग अनुभव का दावा किया गया है। विषय विशेषज्ञों द्वारा रिसर्च पब्लिकेशन को सही माना गया है परन्तु टीचिंग अनुभव श्रेणी में 01 (एक) अंक के स्थान पर 00 (शून्य) अंक अनुमन्य किये गए है जिस कारण अभ्यर्थी का कुल ए0पी0आई0 स्कोर 74 के स्थान पर 73 अंक होना है।<br>उक्त के अतिरिक्त यह भी अवगत कराना है कि अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र एवं ए0पी0आई0 स्कोर तालिका में पी0एच0डी0 का दावा करते हुए 25 अंक प्राप्त किये गए हैं, जबकि अभ्यर्थी द्वारा संलग्न पी0एच0डी0 की औपबंधिक उपाधि में उपाधि पूर्ण होने की तिथि (VIVA VOCE DATE) 03.02.2022 अंकित है जो कि विज्ञापन की अंतिम तिथि 24.12.2021 के पश्चात पूर्ण हुई है। अभ्यर्थी द्वारा संलग्न पी0एच0डी0 उपाधि विज्ञापन की अंतिम तिथि के पश्चात होने के कारण मान्य नहीं है। अभ्यर्थी द्वारा पी0एच0डी0 उपाधि के अलावा NET-JRF/NET/SET/SLET प्रमाण पत्र संलग्न नहीं किया गया है अतः विज्ञापन की शर्तानुसार अनिवार्य शैक्षिक अर्हता धारित नहीं करता है।<br>2. **विज्ञापन की शर्तानुसार अनिवार्य शैक्षिक अर्हता धारित न करने के कारण साक्षात्कार हेतु अनर्ह घोषित किया गया है।** |

अभ्यर्थी उपरोक्त अनर्ह सूची के संबंध में यदि कोई आपत्ति व्यक्त करना चाहते हैं, तो इस संबंध में आपत्तियों से संबंधित अभिलेखों/साक्ष्यों सहित प्रत्यावेदन **सचिव, उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार– 249404** के कार्यालय को **दिनांक 08.07.2024 (सोमवार) के सांय 06:00 बजे तक** व्यक्तिगत रूप से (कार्यालय दिवस सोमवार से शुक्रवार) अथवा डाक/अन्य किसी माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त तिथि के पश्चात् प्राप्त होने वाले प्रत्यावेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।

**-SD-**
(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव